Government Degree College
Talwari-Tharali,246482
E-mail: gdctalwari uk @gmail.com
Website: www.gdctalwari.org

<u>नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान</u>

<u>संक्षिप्त आख्या</u>

<u>Activities in the month of July</u>

1.राजकीय महाविद्यालय तलवाडी, चमोली द्वारा 31 जुलाई को एंटी ड्रग सेल द्वारा नव प्रवेशित छात्र/छात्राओ से नशे से दूर रहने हेतु शपथ दिलाई गई व इसके दुष्प्रभावो की जानकारी उपलब्ध करायी गई । इस अवसर पर जागो हिमालय के संपादक द्वारा एक व्याख्यान दिया गया जिसमे उन्होंने नशे के प्रकार, उनसे संबंधित कानून, मस्तिष्क पर होने वाले उसके प्रभाव, भारत व तलवाड़ी क्षेत्र मे नशे की स्थिति व उससे दूर रहने के बारे मे बताया गया। इस कार्यक्रम मे 80 छात्र/ छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

राजकीय महाविद्यालय थराली में प्रवेशोत्सव में नए प्रवेश करने वाले छात्रों का किया स्वागत, एंटी ड्रग सेल ने दी जानकारी

नए छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के प्रति किया जागरूक

• कॉलेज के विकास को छात्रों का सहयोग जरूरी

भास्कर समाचार सेवा

थराली। राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में प्रवेशोत्सव के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज में नए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस मौके पर एंटी ड्रग सेल द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं से नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई एवं इसके दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई।

सोमवार को राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के सभागार में आयोजित प्रवेश उत्सव

प्रवेशोत्सव के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करते शिक्षक।

कार्यक्रम की कालेज के प्राचार्य डॉ योगेंद्र चंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जागो हिमालयन के डायरेक्टर रमेश चंद थपलियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों को प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी और उन्हें नशे से दूर रहने एवं अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रयास करने की अपील की। डॉ. नीतू पांडे ने कॉलेज में की गई गतिविधियों एवं नए शिक्षा सत्र में आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि कॉलेज के विकास के लिए प्रशासन प्रयासरत है। इसके लिए छात्र-छात्राओं के साथ ही अभिभावकों का सहयोग जरूरी है।

डॉ. शंकर राम ने महाविद्यालय में छात्रवृत्ति और करियर काउंसलिंग सेल के संबंध में जानकारी दी। डॉ. प्रतिभा आर्य ने कॉलेज के शैक्षिक माहौल एवं पूर्व में कॉलेज को मिली उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्णा रावत, पीटीए अध्यक्ष किशोर चंद जोशी, कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष खिलाफ सिंह रावत, उपमंत्री विमला देवी, पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह फर्स्वाण, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष पिमोली, डॉ. पुष्पा रानी, डॉ. ललित जोशी, अनुज कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिभा आर्य व डॉ. ललित जोशी ने किया।

2GQ7+5Q3, Talwari State, Talwari Free Sample Stat, Uttarakhand 246482, India
Latitude
30.038400000000003°
Longitude
79.51514999999999°
Local 12:51:14 PM
GMT 07:21:14 AM
Altitude 1819 m
Monday, 31.07.2023
Note : Captured by GPS Map Camera Lite

HISTORICAL WATERSHED LEADERSHIP
IQAC Cell

2. राजकीय महाविद्यालय तलवाडी, चमोली द्वारा सभी नव प्रवेशित छात्र/छात्राओ से प्रवेश के समय नशा मुक्त रहने हेतु प्रतिज्ञा दिलायी गयी तथा e- सर्टिफिकेट अनिवार्यतः लिए गए। कालेज द्वारा अभी तक टोटल 130 नव प्रवेशित छात्रों/छात्राओ से e- सर्टिफिकेट एकत्र किये गए।

3. कालेज द्वारा महाविद्यालय परिसर मे किसी भी प्रकार का नशा न करने हेतु नोटिस जारी किया गया। तथा इसी क्रम मे कालेज के एक कर्मचारी पर कालेज परिसर मे शराब पी कर आने पर कार्यवाही की गयी।